श्री महेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। जो कर्मचारी राज्य बीमा विधेयक लाया गया है, मैं इस के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। इसमें बहुत से अच्छे प्रोविजंस हैं और इससे कर्मचारियों को बहुत लाभ मिल सकेगा। लेकिन वास्तविक स्थति यह है कि हम कानून बना देते हैं लेकिन उस कानून का क्रियान्वयन सही रूप से नहीं हो पाता है। ESI के अंतर्गत जो कर्मचारी आते हैं, उनको वहां पर किसी भी प्रकार की मेडिकल सुविधाएं प्राप्त नहीं होती हैं। मेरा अपना जो अनुभव है कि जो भी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं और जब वे अस्पतालों में जाते हैं, जो अस्पताल ESI के अंतर्गत चल रहे हैं, वहां न तो डॉक्टर्स होते हैं, न मेडिकल इक्विपमेंट होते हैं, न नर्सिंग स्टाफ होता है, जबकि ESI के अंतर्गत वह वर्कर अपना पैसा देता है, कंट्रीब्यूशन देता है तथा एम्प्लॉयर भी उसका कंट्रीब्यूश्यन देता है। इसलिए ESI अस्पताल में न जाकर उन्हें मेडिकल सुविधाएं पाने के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है और उसके बाद ही उनका सही इलाज हो पाता है। हमारे लिए सबसे आवश्यक बात यह है कि जो भी संशोधन लाए जा रहे हैं और इसमें जो एक विशेष संशोधन लाया गया है, जिसके अंतर्गत वहां पर कुछ मेडिकल कॉलेजिस को, नर्सिंग कॉलेजिस को और इनको भी स्थापित करने के लिए सैक्शन-59D में

संशोधन लाया गया है। यह बहुत ही अच्छा संशोधन है। लेकिन यह जो हमारे पास ESI का लगभग 19 हजार करोड़ रुपया पड़ा हुआ है, क्या हम इसका उपयोग करेंगे, क्या हम और अस्पतालों को बनाएंगे, क्या हम यह देखेंगे कि जो अस्पताल चल रहे हैं वहां पर हमारे डॉक्टर्स हों, वहां पर नियमित डाक्टर मिलें? ESI में बहुत आवश्यक होता है कि जब किसी फैक्टरी में कोई कर्मचारी कार्य कर रहा होता है तथा कोई एमरजेंसी हो जाती है और अचानक रात्रि में वह वहां पहुंचता है, तो न वहां नर्सिंग स्टाफ मिलता है और न वहां पर उस समय डॉक्टर्स नहीं होते हैं। हमारी जो इंटेंशन है बहुत अच्छी है, लेकिन इस इंटेंशन को हम पूरा तब ही कर पाएंगे, जब हम इसके इम्प्लीमेंटेशन की तरफ भी ध्यान देंगे। अभी जो स्थिति है वह बहुत अच्छी नहीं है। मैं यह चाहता हूं कि अस्पतालों के हालात सुधारे जाएं। हमारे पास जो फंड हैं, उससे वहां पर लेटेस्ट इक्विपमेंट लगाए जाएं, क्योंकि हमने 15 हजार रुपए तक के वेतन के कर्मचारी को इसमें कवर किया हुआ है। वह अपने, अपने परिवार तथा अपने बच्चों के लिए अच्छी चिकित्सा की व्यवस्था चाहता है। यह जो एक सामाजिक सुरक्षा सरकार द्वारा दी जाती है, वह उसका सही उपयोग चाहता है और चाहता है कि उसके बच्चे सही तरीके से रहें और अच्छे रूप से जीवन-यापन कर सकें और एक मजबूत नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकें। तो उसके लिए यह बहुत आवश्यक होता है कि उसको मेडिकल सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्राप्त हों। इसके लिए मैं चाहूंगा कि इन विद्यालयों को बनाया जाए, जिनमें प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप का भी क्लॉज रखा गया है। वह भी एक अच्छा क्लॉज है। लेकिन इन सारी चीजों का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उसके इम्प्लीमेंटेशन की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। यदि इम्प्लीमेंटेशन नहीं होगा तो केवल स्ट्रेचु बना देने से हमारे कर्मचारियों तक लाभ नहीं पहुंचेगा। इसलिए उनको लाभ देने के लिए यह बहुत जरूरी है। मैं सफाई देना चाहता हूं कि यह जो क्लॉज-2 में अमेंडमेंट लाया गया है, जिसमें 18 साल की जगह 25 साल के जो हमारे युवक हैं, जो परिवार के अंदर हैं, एडॉप्टेड सन हैं, जो काम पर नहीं लगे हुए हैं और जो विधवा वगैरह हैं, उनके लिए भी संशोधन में काफी अच्छी व्यवस्था की गई है। लेकिन इन सभी चीजों के लिए जरूरी है कि हम वहां पर इस चीज को देखें कि हमारा इम्प्लीमेंटेशन कैसे हो। इसके साथ ही साथ हम यह भी देखें कि हमारे पास पूरी सुविधाएं नहीं है, पूरे अस्पताल नहीं हैं, पूरे डॉक्टर्स नहीं हैं। तो मेरा अपना माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है कि आज इस देश के अंदर सामाजिक सुरक्षा के लिए बहुत सी मेडिकल इंश्योरेंस और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं और यदि कोई कर्मचारी यह चाहता है कि वह मेडिकल इंश्योरेंस के माध्यम से अपना इलाज करा सकता है और वह चाहता है उसको ESI से अलग रहने दिया जाए तो क्या इसका कोई प्रावधान हो सकता है कि कर्मचारी के चाहने पर, एम्प्लॉयर के कहने पर नहीं, यदि वह अपना इलाज अपने मेडिकल इंश्योरेंस के माध्यम से कराना चाहता है तो उसे इससे मुक्त किया जा सके, जिससे कि ESI के जो हॉस्पिटल हैं उनके ऊपर प्रेशर कम हो और वहां पर और अधिक से अधिक लोग पहुंचें और हम 120 करोड़ हिन्दुस्तानियों तक सामाजिक सुरक्षा पहुंचा सकें, जो बहुत ही अच्छी चीज है।

लेकिन वह कैसे पहुंचे? आज सरकारी अस्पताओं की हालत बहुत खराब है, लेकिन जो प्राईवेट अस्पताल हैं, वे निश्चित रूप से अच्छा कार्य कर रहे हैं। यहां पर भी जो सम्मानित सदस्य बैठते हैं, हम चेष्टा यही करते हैं कि हम प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराएं। हम ईएसआई हास्पिटल के अंदर ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं प्रदान करते हैं कि हमें यह महसूस हो कि हम ईएसआई के इस डाक्टर के पास जाएंगे, तो हमें अच्छा इलाज मिलेगा, हम यदि इस सरकारी अस्पताल में जाएंगे, तो हमें अच्छा इलाज मिलेगा। हमें अपने साथियों के मन में और जनता के मन में यह भाव पैदा करना पड़ेगा, उनमें विश्वास जगाना पड़ेगा कि किसी प्रकार से हम आधुनिक सुविधाओं का इंतजाम वहां पर कर रहे हैं।

इसके साथ-साथ मैं यह भी चाहूंगा कि नर्सिंग स्टाफ की तरफ अधिक ध्यान दिया जाए। ईएसआई के अस्पतालों में फोर्थ क्लास के एम्पलाईज़ कम होते हैं। मैंने अस्पतालों में जाकर खुद देखा है, जब मुझे कर्मचारियों

को व्यक्तिगत रूप से देखने जाने का अवसर मिला है, वहां पर मैंने यही देखा है कि वे वहां पर जाने के बाद यही अनुरोध करते हैं कि हमें ईएसआई हास्पिटल से हटा लीजिए और हमें किसी प्राईवेट नर्सिंग होम में भर्ती करवा दीजिए। ऐसा हमें करना पड़ता है, क्योंकि उनको वहां पर सही इलाज नहीं मिलता है। उनको सही इलाज कैसे उपलब्ध कराया जा सकता है, इस ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए जो आपकी योजना है कि यदि आप प्राईवेट हास्पिटल के साथ ईएसआई के हास्पिटल स्थापित करना चाहते हैं, तो आप उन्हें आगे बढ़ाएं। आप उन्हें यह मौका दें कि वे ईएसआई के हास्पिटल बनाकर, वहां पर अच्छी से अच्छी सुविधाएं दें क्योंकि हमारे कर्मचारियों को बगैर किसी पैसे के निःशुल्क सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए। निःशुल्क सुविधाएं देने के लिए पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप में कंडीशन होनी चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जो प्राईवेट हास्पिटल, जो ईएसआई के हास्पिटल बनाएं और वहां पर जब कर्मचारी पहुंचे, तो उनसे फिर पैसा मांगा जाए कि आप अगर पैसा देंगे, तो आपकी अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। जैसा कि आज सरकारी हस्पतालों में होता है कि वहां पर हमारा कोई बीमार व्यक्ति पहुंचता है, तो वहां पर जो अंडर हैंड वाली वर्किंग होती है तभी उसको इलाज मिल पाता है, वरना उसको कह दिया जाता है कि एक्सरे बाहर से कराकर लाइए। यही ईएसआई अस्पतालों की हालत है। वहां पर न एक्सरा हो सकता है, न वहां पर एक्सरे का सामान होता है। जब तक आप बेसिक सुविधाएं ईएसआई हस्पतालों में नहीं बढ़ाएंगे, तब तक आपके इन संशोधनों का लाभ आम जनता को और हमारे कर्मचारियों को नहीं मिलेगा। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपा इसके इम्पलिमेंटेशन पार्ट की ओर विशेष ध्यान दें और ऐसी परिस्थितियां पैदा करें कि ईएसआई अस्पताल अच्छे अस्पतालों के रूप में जाने जाएं और वहां पर जाने वाले कर्मचारी को अच्छे से अच्छा इलाज, जो भारतवर्ष में कहीं पर भी उपलब्ध हो सकता है, वह इलाज हमारे कर्मचारियों को वहां पर प्राप्त हो। इन शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूं और मैं चाहता हूं कि ये सुविधाएं अवश्य उनको प्रदान करायी जाएं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): महेन्द्र मोहन जी, आपका धन्यवाद। श्री आर.सी. सिंह।

श्री **आर.सी. सिंह** (पश्चिमी बंगाल): सर, माननीय मंत्री जी कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) विधेयक, 2010 लाए हैं, इसमें बहुत सी खामियां रह गई हैं। इन्होंने एक अच्छा कदम उठाया है, लेकिन अभी भी कुछ खामियां रह गई हैं। मेरे पास बोलने के लिए ज्यादा समय नहीं होता है, मैं माननीय मंत्री जी को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने ऐज लिमिट को 21 से बढ़ाकर 25 साल किया है। जो सीजीएचएस रूल्स हैं, उनमें हमारी फैमिली के बारे में वर्णन किया गया है, अगर उसको पूरी तरह से इसमें इंट्रोड्यूस कर देते, तो और बेहतर होता। सीजीएचएस रूल्स में स्पष्ट है कि हमारे कौन डिपेंडेंट होंगे, इसके बारे में सारा विवरण दिया हुआ है, पार्लियामेंट के दोनों सदन राज्य सभा और लोक सभा के बारे में भी दिया हुआ है, इसलिए इसको इस बिल में इंट्रोड्यूस कर देते तो बेहतर होता। आप सभी जानते हैं कि आज की तारीख में एम्पलायमेंट नहीं के बराबर रह गया है, इसलिए ऐज लिमिट और बढ़ाने की जरूरत थी, लोग टेक्निकल एजुकेशन ले रहे हैं, इसलिए भी ऐज लिमिट को और बढ़ाने की जरूरत है। इसके बावजूद भी इन्होंने ऐज लिमिट को बढ़ाकर 25 किया है, इसके लिए मैं इनको धन्यवाद देता हूं। मैं सीजीएचएस रूल्स के हिसाब से इसको करने के लिए आपसे अनुरोध करता हूँ।

सर, जो ESI के हॉस्पिटल्स हैं, इनको अपग्रेड करने की जरूरत है क्योंकि इनकी अवस्था अत्यंत खराब है। इन हॉस्पिटल्स में डॉक्टर्स नहीं है, नर्सें नहीं हैं और न ही कोई रिसर्च विंग है। एक आदमी बीमार होता है, तो उसकी बीमारी के क्या कारण हैं, वह भी पता नहीं लगता है। आम डॉक्टरों जैसा वहां पर इलाज होता है, इसलिए रिसर्च विंग्स होने चाहिए। इसलिए इसको इम्प्रूव करने की जरूरत है।

सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से एक बात यह भी जानना चाहूंगा कि ESI ने एक स्टडी की था और उसमें कहा था कि तमाम लोगों को मेग्नेटिक कार्ड दिए जाएंगे। यह काम अगस्त, 2010 कम्पलीट तक होना था,

लेकिन मुझे नहीं लगता कि मंत्री महोदय का यह काम सटीक चल रहा है और इसे अगस्त, 2010 तक कम्पलीट कर देंगे। इसके बारे में क्या व्यवस्था है, हमें बताने की जरूर कोशिश करें। सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि मुझे बड़ा आश्चर्य और दुख भी होता है, मेरी जानकारी के हिसाब से ESI की 55 डिस्पेंसरीज़ हैं, जिनमें से 51 डिस्पेंसरीज़ दिल्ली में ही हैं तथा 4 डिस्पेंसरीज़ उत्तर प्रदेश में हैं। पूरे हिन्दुस्तान में और कहीं भी ESI की डिस्पेंसरीज़ नहीं है, जहां से लोग दवाई ले सकें। इसी तरह हॉस्पिट्ल्स की अवस्था है। ESI के टोटल 23 हॉस्पिट्ल्स हैं और इनमें से मात्र एक हॉस्पिटल वेस्ट बंगाल में है। वेस्ट बंगाल में इतना बड़ा इंडस्ट्रियल इलाका है और काफी लोग काम करते हैं, केवल मात्र एक हॉस्पिटल है। आम लोगों को इस हॉस्पिटल से कैसे सुविधा मिल सकती है, इसलिए इसको और एक्सपेंड करने की जरूरत है। माननीय मंत्री महोदय ने बिल में इसका कहीं कोई उल्लेख नहीं किया है कि हम किस तरीके से इसका एक्सपेंशन करेंगे। सर, अगर हम occupancy देखते हैं, तो अधिकतर हॉस्पिटल्स में 30 परसेंट से कम occupancy है। इसको कैसे इंक्रीज किया जा सकता है, इसके बारे में मैं मंत्री जी से कहता हूं कि विशेष एफट्र्स की जरूरत है। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि Central Government 90 परसेंट expenses bear करती है और 10 परसेंट स्टेट्स करती हैं, तो आप सारे के सारे Central Government के अधीन क्यों नहीं लेते, ताकि और बेहतर हो सकें। हमारे पास सारी सुविधाएं हैं, Budgetary provisions है और सब कुछ दे सकते हैं। एक फुल प्लान्ड वे में हमारे देश के किस कोने में, कहां पर औद्योगिक मजदूर हैं, क्या उनको सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, उनको ये सुविधाएं देने के लिए क्या व्यवस्था हो सकती है और हमें क्या करना चाहिए, टोटल Budgetary provision क्या होगा, इन तमाम चीजों का एक लेखा-जोखा रहता है। अगर मंत्री महोदय इसको सैन्टर से ही ऑपरेट करते तो और बेहतर होता। ...**(समय की घंटी)**... स्टेट अपने तरीके से हॉस्पिटल चलाती हैं। सर, मैं एक मिनट से ज्यादा समय नहीं लूंगा। सर, एक बात है, मुझे मंत्री महोदय की बात से पता लगता है कि ये पीपीपी मोड में जाने की तैयारी कर रहे हैं, पब्लिक प्राइवेट पार्टनर्शिप मोड में जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह विशेषकर उन लोगों के लिए सबसे खतरनाक अवस्था है, जो unorganized हैं। अगर एक आदमी बीमार पड़ता है, तो उसके इलाज के लिए अधिकतम 30 हजार रुपए खर्च करने का प्रावधान है, यह मंत्री जी के टार्गेट में है। कौन सी ऐसी बीमारी है जो बोलकर आएगी और हम 30 हजार रुपए के अंदर ही ठीक हो जाएंगे। इसलिए मैं कहता हूं कि इस एमाउंट को बढ़ाकर कम से कम दो लाख किया जाए और इसके संग जो बीमारियां आती हैं, उनके लिए विशेष प्रावधान हो और सरकारी अस्पतालों में इलाज हो।

सर, मैं एक आखिरी बात और कह कर अपनी बात खत्म करूंगा social security officer को इंस्पेक्टर से ऑफिसर बानाने में extra अधिकार क्या दे रहे हैं कि वे उसको utilize कर सकेंगे, बल्कि इससे अधिकारी और खत्म हो जाएगा। मेरे कुछ और प्वाइंट्स हैं, मैं फिर कभी उनको कहूंगा लेकिन मैं कहता हूं कि एक comprehensive bill लाने के लिए मंत्री जी विचार करें।

SHRI PYARIMOHAN MOHAPATRA (Orissa): Sir, I welcome this Bill. This is intended to improve the conditions of ESI hospitals and workers. However, the Government should have paid more attention. It should have accepted the recommendations of the Standing Committee. As Shri Khuntia*ji* said, when the recommendation was for increasing the ceiling of income from Rs.10,000 to Rs.15,000, it should have been accepted. I support his view. I would urge upon the hon. Minister to kindly consider this. Please do not talk of using under-utilized facilities for others because you do not have under-utilized facilities. As pointed out by the Deputy Leader of the Opposition, you have vacancies of nearly 3,000 doctors and 5000 para-medical staff. In this situation, where is the question of under-utilization? The services are not available. You also reconsider the limit of 10 persons. As Tapan *babu* said, today it

3.00 P.M.

is not the question of high technology and computerization alone. Six million jobs are there in the MSME sector and 95 per cent of the units employ less than 5 persons. So, if you put a limit of ten persons you are not really covering the sector which is contributing the maximum to the GDP of the country. Now, I come to the definition of family. I think the Standing Committee had broadened the definition a little too much. But you could have found a compromise instead of sticking to a very narrow definition. What would happen to dependent sisters, dependent brothers and a dependent step-mother? Why won't you accept them as a part of the family if they are residing normally with the family? Please consider it. "Up to 25 years" is a good amendment and we welcome it. As far as PPP is concerned, please forget any concept of PPP. The Standing Committee said that there should be no third party participation as the ESI Corporation has the requisite capacity. Shri Khuntia who is a member of the Corporation Board said that they have the capacity to take over hospitals in the entire country satisfactorily. If three States more agreed, let them start a pilot project. Let it be studied. Clause 91AA has been brought in for this particular power as amending legislation, so let it go through. Please accept that as a pilot project. If it succeeds, the Corporation can be given the task. Otherwise, merely blaming the State Government is not a good thing. What has the Standing Committee said? It said that the ceiling set by the Corporation in a State is the main reason for the unsatisfactory performance, not the reluctance of the State Governments to allocate funds or allocate doctors. Wherefrom doctors will come? You can assume that if it is with the Corporation doctors will come. How much salary will you pay? States are also paying salaries as per the recommendations of the Pay Commission. Even then the doctors are not coming.

Who will then come to the Corporation? So, let us not play a blame game. We should try something which can be really worked out. Now, I think, the suggestion for one health scheme for all the State and Central Government employees does not come under the purview of this law. But, what Mr. Tapan Kumar Sen said about bringing the retrenched and laid-off workers under this law, along with employees who have taken VRS, must be considered because they are the worst sufferers.

श्री **रुद्रनारायण पाणि** (उड़ीसा): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। जब संसद में इस प्रकार के एक महत्वपूर्ण विधेयक पर बहस चल रही हो और सब लोगों के दिमाग में यह रहे कि इस विधेयक को जल्दी से पारित कर दिया जाए, तो यह सही मानसिकता बिल्कुल नहीं कही जा सकती है। वर्तमान सरकार जिस प्रकार संसदीय लोकतंत्र और सदन को संचालित करती है, अगर इससे कई मामलों में सदन का कामकाज बाधित होता है, तो यह विपक्ष या दूसरे-तीसरे दलों का दायित्व नहीं है कि जल्दी-से-जल्दी विधेयक को पारित कर दिया जाए। इस विधेयक को पारित करने के लिए, इस पर बहस के लिए जितना समय आवंटित किया गया है, हर पार्टी के सदस्य उतना ही समय इस विधेयक पर बोलेंगे, लेकिन अगर कोई बड़ी पार्टी कहेगी कि हम ज्यादा नहीं बोलेंगे, तो मामला दूसरा है। यह विधेयक बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है और दो-तीन सालों से pending है। श्रम मंत्री ने कल से लेकर आज तक, दो दिनों के अन्दर श्रम मंत्रालय से सम्बन्धित दो-दो विधेयक को पारित कराया। वास्तव में उनके समय में यह विधेयक पारित हो रहा है, किन्तु संयोग से इस विधेयक के लिए सरकार की ओर से

जिन्होंने ज्यादा समय दिया, वे पूर्व मंत्री, आस्कर साहब भी यहाँ पर मौजूद हैं। मंत्री महोदय ने जब इस विधेयक के बारे में सदन के अनुमोदन के लिए प्रस्तावित किया, उस समय उनको जिस प्रकार से इस विधेयक की महिमा के बारे में बताना चाहिए था, इसकी पृष्ठभूमि बतानी चाहिए थी, शायद वे उतना बता नहीं पाए। The ESI Act, 1948, was last amended in 1989. Taking into account the changes in economic scenario in the country since 1989, the ESI Corporation, at its 139th meeting held on 17th July, 2007, while discussing amendments in certain provisions of the ESI Act, decided that a sub-Committee of the Corporation be constituted for reviewing the entire Act and suggesting comprehensive amendments therein, taking into account the changed economic scenario. Accordingly, the ESI Corporation constituted a sub-Committee comprising of representatives employers, employees, Members of Parliament, State and Central Government functionaries. The Committee submitted its report to the Corporation which was considered and approved by the ESI Corporation at its 142nd meeting held on 22nd February, 2008. The Committee recommended comprehensive amendments in the ESI Act, 1948, which are mainly aimed at facilitating coverage of smaller factories, streamlining the procedure for assessment of dues from defaulting employers providing an appellate authority within the Corporation against assessment to avoid unnecessary litigation, streamlining the procedure for grant of exemptions, third-party participation in commissioning and running of the hospitals, opening up medical, dental, para-medical nursing colleges to improve quality of medical care, making an enabling provision for extending medical care to non-insured persons against payment of user charges to facilitate providing of medical care to the BPL families covered under the *Rashtriya Swasthya Bima Yojana* introduced by the Ministry of Labour and Employment.

महोदय, यह जो श्रम और नियोजन का मंत्रालय है, यह अनेक प्रकार के कानून लाता है। कल जब यहां पर तमिलनाडु के मामले में कानून पारित हुआ, उस समय अपनी competence के बारे में बयान देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि मैंने 77-78 बिल्स को प्रोसेस में रखा हुआ है और जल्दी ही उन्हें लेकर आऊंगा। यूपीए 2004 से सत्ता में है। यूपीए-II को भी अब एक साल हो चुका है। इन छः सालों के अंदर कई सारे कानून पारित हुए हैं। जब हिन्दुस्तान के संसदीय इतिहास पर विचार किया जाएगा, अगर हम कांग्रेस पार्टी द्वारा शासित जवाहर लाल नेहरू जी, इन्दिरा जी या राजीव जी के समय को भी देखें तो 1947 के बाद से अब तक इतने कानून कभी पारित नहीं हुए हैं। विशेष रूप से जो श्रम आधारित कानून पारित हुए, उनके लिए कहा जा सकता है कि यूपीए-I के समय में साढ़े चार साल तक आप वामपंथियों द्वारा बाहर से समर्थित थे, इसी कारण उस समय बहुत सारे श्रम आधारित कानून पारित किए गए। ठीक है, अगर हमारे INTUC के मित्र कांग्रेस की पहली प्रगति के लिए वाहवाही लूटना चाहते हैं, तो कोई हर्ज नहीं।

महोदय, माननीय मंत्री महोदय को अपने भाषण में जो कहना चाहिए था, वह मंत्री महोदय ने नहीं कहा। मेरे साथी जो उड़ीसा से आते हैं, उनको श्रम विभाग का मंत्री नहीं बनाया जाता है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जो मंत्री जी को कहना चाहिए था, पहले वक्ता के नाते उन्होंने उसे विस्तार से बोल दिया। इसमें संशोधन के जो 22 प्रावधान किए गए हैं, उन्होंने एक-एक करके उनके बारे में बारीकी से बताया, किन्तु भाषण के समय...(व्यवधान)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: महोदय, मैं एक मिनट बोलने की परमिशन चाहूंगा। रुद्रनारायण जी जो बात कह रहे हैं, मैं समझता हूं कि ऐसा कह कर वह मेरे डिपार्टमैंट के प्रति अन्याय कर रहे हैं। हमारे द्वारा जो भी कानून

बनाए जाते हैं अथवा बना कर यहां पेश किए जाते हैं, वह सब उनकी राय से ही होता है। Tripartite में वह भी बैठते हैं और साथ ही INTUC, CPI, CPI(M) एवं हिन्द मजदूर सभा के सदस्य भी बैठते हैं। मिलजुल कर ये सभी लोग हमें जो कंसैंसस बनाकर देते हैं, वहीं मैं यहां पर लाता हूं। अगर आप उसी का विरोध करते हैं, तो इसमें मुझे कोई ऐतराज नहीं है।

श्री **रुद्रनारायण पाणि**: धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय। माननीय मंत्री महोदय का जो ऑब्ज़र्वेशन है कि हम इस विधेयक का विरोध करते हैं, वह बिल्कुल आधारहीन है ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): हमें मालूम है, आप विरोध नहीं करते हैं। आप अपनी बात कहें।

श्री रुद्रनारायण पाणि: भारतीय जनता पार्टी, एनडीए इसका विरोध कतई नहीं करती है। यह विधेयक आज पारित होगा और हमारे पॉज़िटिव कोऑपरेशन से पारित होगा। संयोग से 2004 से मैं Standing Committee on Labour में ही काम करता रहा हूं। माननीय मंत्री महोदय अगर उसको Tripartite कह रहे हैं, तो उनसे मैं सहमत नहीं हूं। Standing Committee is not a body to be interpreted as a tripartite body. Conciliation में tri-party का मामला आता है। Employer, Management और Affected Labour इनको tri-party कहा जाता है, लेकिन जहां तक Parliamentary Standing Committee का सवाल है, उनको हम all-party कह सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष **(श्री कलराज मिश्र)**: पाणि जी, आप अपने विषय पर बोलें ...**(व्यवधान)**... खूंटिया जी, आप पहले ही बोल चुके हैं ...**(व्यवधान)**... पाणि जी, आप केवल अपने विषय पर ही बोलिए।

श्री रुद्रनारायण पाणि: Standing Committee on Labour के प्रति भी हमारा सम्मान है। Standing Committee on Labour deals with the Ministry of Labour and Employment and Ministry of Textiles. हम उसमें काम करते हैं। जहां तक Standing Committee और Indian Labour Conference का सवाल है, उन्होंने भी यही कहा कि ESIC Act में संशोधन होना चाहिए। जब इस विधेयक को लोक सभा में पेश किया गया, उसके बाद वह Parliament of India की Standing Committee on Labour को भेज दिया गया, जहां इसके बारे में हमने बारीकी से डिटेल्ड अध्ययन किया। अब मैं भारी मन से यह कहना चाहता हूं, जैसा कि हमारे CITU के मित्र और CPI(M) के माननीय सदस्य तपन सेन जी ने कहा कि Standing Committee की recommendations को भी इसमें पूरे का पूरा incorporate नहीं किया गया है।

जैसा हमने कहा था कि एज लिमिट 25 किया जाए, लेकिन उसे 21 पर ही सीमित करके रखा गया है। 2-3 और भी मुद्दे हैं। प्यारीमोहन जी भी कह चुके हैं। मुझे केवल कुछ बातें ही कहनी हैं। कांग्रेस के पहले माननीय वक्ता ने जैसा कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार, हमारी congress-led यू.पी.ए. सरकार को वाहवाही लेना चाहिए, क्योंकि या तो हम श्रम आधारित कानून ज्यादा-से-ज्यादा लाते हैं या उस कानून में संशोधन लाते हैं। मैं यह मानता हूं कि आप टेक्निकली बहुत ज्यादा कानून लाते हैं, लेकिन विधेयक लाने के बाद और उसके कानून बनने के बाद, अगर आप उसको अमल में नहीं ला पाते हैं, तो फिर आपको भी लोग कहेंगे कि UPA, यानी useless और priceless Act वाली सरकार। आप जो एक्ट बनाते हैं उसका न तो कोई यूज है और न ही कोई प्राइस है। आप केवल Schemes चलाते हैं। UPA-1 के समय Standing Committee on Labour में मेरे वामपंथी मित्र ने कहा कि हमें तो कांग्रेस के नेतागण बोलते हैं कि don't give pressure on enactment. You bring certain schemes. 6 साल एन.डी.ए. की सरकार रही। अटल जी प्रधान मंत्री थे। उस समय लेबर के कैबिनेट मंत्री सत्य नारायण जटिया जी बनाए गए थे। मैंने सबसे सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि 1947 से अब तक जितनी सरकारें आईं उन्होंने जितने कानून बनाए, उनमें हम पहले लेबर के मामले में यह सोचें कि इससे संबंधित कानूनों का सही ढंग से अमल किया जाए। कोई एक नया कानून लाकर केवल एक वातावरण बना देना कि हमने तो यह कानून बना दिया, उससे काम नहीं होता।

महोदय, मैं भारी मन से यह कहता हूँ कि इस देश में श्रम मंत्रालय के श्रम आधारित ऐसे बहुत सारे कानून हैं जो कि परस्पर विरोधी हैं। इनको अमल करने से, एक कानून पर अमल करते समय बीच में दूसरा कानून आकर अड़ंगा डालता है, इसलिए जब हम कानून बनाते हैं उस समय हमें यह भी देखना होगा कि इसका अमल कैसे ठीक ढंग से हो। हमारी पार्टी के पहले वक्ता माननीय अहलुवालिया जी कह रहे थे। उन्होंने सीलिंग के मामले में उसे 10 हजार से 15 हजार करने की माँग की। अहलुवालिया जी लगभग 22 वर्षों से इस सदन में हैं, इस देश के पार्लियामेंटरी इतिहास में श्री एस.एस. अहलुवालिया जी के योगदान को सब मानेंगे। महोदय, कांग्रेस पार्टी जब-जब सत्ता में आती है, जैसे समाजवादी पार्टी के बृजभूषण तिवारी जी ने एक बार कहा था, अपने आपको महिमामंडित करती है। उस पार्टी के नेताओं के नाम से योजनाओं का व्यापक प्रचार होता है। मैं किसी का नाम नहीं लूँगा। किसी का नाम लेने से मेरे ऊपर फिर से कोई दूसरा आरोप लग जाएगा। एक तो कांग्रेस पार्टी आपने आपको महिमामंडित करती है...(व्यवधान)...

SHRI JESUDASU SEELAM (Andhra Pradesh): Sir, it has nothing to do with the Bill. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): पाणि जी, आप कृपया विषय पर बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: मैं विषय पर आ रहा हूँ, महोदय। ...**(व्यवधान)**... एक ओर कांग्रेस पार्टी अपने आपका महिमामंडन करती है और दूसरी ओर लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवमूल्यन करती है।

संसद को विश्वास में नहीं लिया जाता है। आप May Day celebration करते हैं, उसे 1 मई को celebrate करिए, उस दिन विश्व श्रम दिवस मनाइए। हम BMS और भाजपा के लोग हैं, हमारा राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयन्ती है। हमारा दृष्टिकोण भिन्न जरूर है, लेकिन हम May Day के विरोधी नहीं हैं। आप May Day के celebration के समय घोषणा करते हैं कि हमने सीलिंग को 10 हजार से बढ़ा कर 15 हजार कर दिया। संसद चल रही है। हमने पिछले सत्र में कितनी गुहार लगाई कि संसद चलते समय माननीय प्रधान मंत्री जी को बाहर नहीं जाना चाहिए। वे कहते हैं कि पहले से प्रोग्राम तय हो जाता है। वे यह भी कहते हैं कि पहले से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोग्राम तय है, आपको क्या पता है? हम अमेरिका जाएँगे, ...**(व्यवधान)**...

SHRI JESUDASU SEELAM: Sir, it has nothing to do with the Bill. ...*(Interruptions)*..

***उपसभाध्यक्ष* (श्री कलराज मिश्र)**: पाणि जी, ...**(व्यवधान)**... पाणि जी, आप कृपया इस विषय पर बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, इससे इन सब चीज़ों का अवमूल्यन होता है।...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष **(श्री कलराज मिश्र)**: आप कृपया इस विषय पर बोलिए।...(व्यवधान)...

SHRI JESUDASU SEELAM: He should talk on the Bill. ...*(Interruptions)*...

***उपसभाध्यक्ष* (श्री कलराज मिश्र)**: आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... पाणि जी, आप विषय पर बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI P. KANNAN (Puducherry): Sir, it is not true ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): अभी पाणि जी बोल रहे हैं।...(व्यवधान)... आप पहले बैठिए।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, ...**(व्यवधान)**... यह जो सीलिंग का मामला है...(व्यवधान)...

SHRI JESUDASU SEELAM: He has no business to say about the Prime Minister ...*(Interruptions)*...

SHRI P. KANNAN: Sir, he should not ...*(Interruptions)*.....

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**... अभी यह बोल रहे हैं...(व्यवधान)...

SHRI P. KANNAN: I should say that he is ...*(Interruptions)* ...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, ...**(व्यवधान)**... सीलिंग में यह जो बढ़ोतरी हुई...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): आप कृपया अपने विषय पर बोलिए।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, यह जो सीलिंग में बढ़ोतरी हुई ...**(व्यवधान)**... इसे 10 हजार से 15 हजार किया गया ...**(व्यवधान)**... सदन चल रहा है। सदन के अन्दर इसकी घोषणा की जानी चाहिए थी। ये किसी प्रकार से लोकतंत्र का अवमूल्यन करते हैं, मैं इसका एक उदाहरण देता हूँ। महोदय, construction labour की एक Central Advisory Committee है, उसमें मैं 2004 से राज्य सभा से elected Member हूँ। पार्लियामेंट के बजट सत्र का दूसरा भाग 15.4.2010 से शुरू हुआ, माननीय मंत्री जी यहाँ पर बैठे हुए हैं...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): पाणि जी, आप विषय पर बोलें।...(व्यवधान)... आपका समय है...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, यह गंभीर विषय है।...(व्यवधान)...

श्री जेसुदासु सीलम: सर, ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): देखिए, आपकी तरफ से बोला जा चुका है, आप बैठिए।...(व्यवधान)... देखिए, इनका समय है, ये अपने समय के अंदर बोल रहे हैं।...(व्यवधान)... इनको मैं विषय पर बोलने के लिए कह रहा हूँ।

श्री **रुद्रनारायण पाणि**: महोदय, यह एक गम्भीर विषय है। Construction labour से संबंधित जो Central Advisory Committee है, उसमें लोक सभा के दो मैम्बर्स होते हैं और राज्य सभा का एक मैम्बर होता है। वह Central Advisory Committee, जिसमें ट्रेड यूनियन्स के लोग भी होते हैं, उसके चेयरमैन माननीय श्रम मंत्री हैं। जब 16 तारीख को पार्लियामेंट सेशन चल रहा होता है, उसी समय उस कमेटी की मीटिंग ये रखते हैं और अहम संशोधन करा लेते हैं। क्या पार्लियामेंट के मैम्बर्स का आपके सामने कोई मूल्य नहीं रहा? पार्लियामेंट के मैम्बर्स पार्लियामेंट को अटेंड करेंगे या उसी समय वे उस मीटिंग को अटेंड करेंगे? इस प्रकार से आप सदन की गरिमा का अवमूल्यन करते हैं।

महोदय, ये श्रम के बारे में वाहवाही लूटते हैं। ये सदन और इस देश को किस प्रकार से गुमराह करते हैं, उसका एक उदाहरण यह है कि सभी 28 अप्रैल को 'ESIC hospitals in Orissa' पर मेरा एक unstarred question आया था जिसमें मैंने categorically प्रश्न किया था: Will the Minister of Labour and Employment be pleased to state the number of hospitals and dispensaries being run by the Employees' State Insurance Corporation in Orissa? ...**(व्यवधान)**...

श्री जेसुदासु सीलम: सर,...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): अब आप बोल कर फिर उनको उत्तेजित कर देंगे। यह ठीक नहीं है।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: उड़ीसा में ESIC द्वारा कितने hospitals and dispensaries चलाये जाते हैं, यह प्रश्न था। इसके जवाब में ये कैसे गुमराह करते हैं, यह देखिए। ये इसका उत्तर देते हैं कि out of six hospitals and 51 dispensaries functioning in Orissa, only one hospital at Rourkela is being run by the Employees' State Insurance Corporation directly. आपसे यह प्रश्न पूछा जाता है कि उड़ीसा में ESIC द्वारा कितने hospitals and dispensaries चलाए जा रहे हैं, आप कहते हैं कि 6 अस्पताल और 51 डिस्पेंसरीज़ में से राउरकेला में केवल एक ESIC directly चला रहा है, तो ESIC का सृजन क्यों हुआ?...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): आपने प्रश्न रख दिया। अब आप विषय पर बोलिए।

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, ESIC का सृजन इसीलिए हुआ था और जैसा इन्होंने कहा कि श्रम Concurrent List में है, इसमें राज्य भी कुछ दखल देगा और केन्द्र भी दखल देगा, लेकिन जब आप ESIC की चर्चा करते हैं और जब आप ऐसा वातावरण बनाएँगे तिक यह सेंट्रल गवर्नमेंट के अधीन है ...**(समय की घंटी)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): पाणि जी, बैठिए।

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, federal structure में राज्य सरकार...(व्यवधान)... जाहिर करने के लिए जो काम करते हैं, उसके बारे में भी आपको सोचना होगा। अब इस federal structure में जैसा 1947 में या श्रीमती गांधी के समय में आपका एक पूरा एकाधिकार होता था, वैसा आज नहीं है। ...**(समय की घंटी)**... जब आपकी 25 राज्यों में सरकार थी और केन्द्र में भी आप ही थे। ...**(व्यवधान)**... आज ऐसा नहीं हो सकता है। आज अगर आप सपने में यह सोचेंगे तो यह नहीं हो सकता है।...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): पाणि जी, बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: आप अपनी बात कीजिए, ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): आप अभी उत्तर देंगे। ...**(व्यवधान)**... पाणि जी, अब आप बैठिए, प्लीज़। ...**(व्यवधान)**... आप जल्दी कीजिए।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: महोदय, ये इंदिरा जी का नाम लेना सहन नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उससे कोई लाभ नहीं होगा।...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): आपका समय खत्म हो रहा है। अब आप बैठ जाइए।...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, मेरा इतना ही कहना है कि ESIC का काम क्या होना चाहिए? ESIC को राज्य सरकार और केन्द्र सरकार, दोनों के द्वारा ठीक से चला कर कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवा दी जाए, ESIC का यही काम होना चाहिए। आज यह केन्द्रीय श्रम मंत्रालय के अधीन है, इसलिए ऐसा नहीं होना चाहिए। महोदय, यह जो विधेयक है, इसको तो हमारे नेता, अहलुवालिया जी ने समर्थन दिया है। यह विधेयक तो कानून बन ही जाएगा, लेकिन जब आपने मुझे मौका दिया है...(व्यवधान)... इस विधेयक को हमारी पार्टी का पूरा समर्थन है, लेकिन मुझे इतना कहना है कि इस कानून के पारित होने के बाद ESIC को अधिकार होता Medical Colleges बनाने का, Para Medical Colleges बनाने का, Institutes खोलने और Dental Colleges बनाने का, लेकिन कई महीनों से ऐसा वातावरण बनाया गया है कि इन-इन स्थानों पर Medical Colleges होंगे। Medical Colleges खोलने के लिए ESIC मांग करता है, लेकिन केन्द्रीय श्रम मंत्रालय राजनीति करता है। आपके मंत्रालय ने NDA के समय में 6 AIIMS जैसे Colleges खोलने की बात कही थी, उनमें से एक भुवनेश्वर में खोलने की बात कही गई थी, लेकिन उसका काम तक नहीं हो पाया ...**(व्यवधान)**... भुवनेश्वर में नहीं हुआ ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): पाणि जी, आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री रुद्रनारायण पाणि: भुवनेश्वर में इस Medical College को खोलने के बारे में राजनीति चल रही है। अगर ESIC की ओर से आपको Medical College खोलना है, तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि आप इसका शिलान्यास कब करेंगे और इसके लिए भुवनेश्वर में आपने कहां जमीन earmark की है, यह बताइए? आप इस विषय पर राजनीति मत करिए ...**(व्यवधान)**... ESIC के माध्यम से देश के गरीब मज़दूरों के स्वास्थ्य की रक्षा हो, इतना ही मैं कहना चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री मल्लिकार्जुन खरगे: उपसभाध्यक्ष जी, इस विधेयक पर 7 माननीय सदस्यों ने अपनी बातें सदन के सामने रखी हैं और उन्होंने बहुत ही अच्छे सुझाव हमें दिए हैं, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उनके सजेशंस के बारे में मैं गंभीरता से सोचूंगा और जब समय आएगा, तो उनको फिर से examine किया जाएगा। आज के

हालात में हम इस बिल में 15 अमेंडमेंट्स लाए हैं और 4 नए अमेंडमेंट्स भी इसमें हैं। ये सारे अमेंडमेंट्स कर्मचारियों के हित में हैं।

(श्री उपसभापति पीठासीन हुए)

उपसभापति जी, अभी अहलुवालिया जी ने, खूंटिआ जी ने, तपन कुमार सेन जी ने, महेन्द्र मोहन जी ने, आर.सी. सिंह जी ने, महापात्र जी ने और आखिर में रुद्रावतार लेकर रुद्रनारायण पाणि जी ने अपनी बातें पेश की हैं, मैं इन लोगों के विचारों को ध्यान में रखूंगा, लेकिन मैं एक बात आपके सामने रखना चाहता हूं कि यह गवर्नमेंट हमेशा से कर्मचारियों के हित में काम करती आई है। इसमें कोई party politics या vested interest की बात नहीं है। बातों-बातों में अहलुवालिया जी ने कुछ बातें बताईं, लेकिन रुद्रनारायण जी के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जब ये मीटिंग में रहते हैं, तो बहुत अच्छी तरह से रहते हैं, जब कंसलटेटिव कमेटी की मीटिंग चलती है, स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग चलती है, तो हमारे दूसरे मित्र भी बोलते हैं कि ये बहुत अच्छी बातें करते हैं और सलाह देते हैं, लेकिन यहां आते ही ये party politics करने लगते हैं। इसलिए इनको समझाना जरा मुश्किल है।

उपसभापति जी, बहुत से सांसदों ने इस बात पर आपत्ति जताई कि third party participation के माध्यम से हम privatization की तरफ जाने की राह ढूंढ रहे हैं, यह असत्य है। Third party participation का मतलब यही है कि जो ESIC underutilized है, यदि वहां हमारे लोग कम हैं और अगर RSBY के beneficiaries वहां हैं, तो उनकी मदद करने के लिए यह प्रावधान हमने रखा है।

सर, मैं दूसरी बात यह बताना चाहता हूँ कि जिस जगह पर हमारे hospitals हैं, अगर वहां से इंडस्ट्री शिफ्ट हो गई है और वहां कोई insured person नहीं है, तो वे hospitals खाली न रहें, बल्कि उनका उपयोग हो, इसलिए हमने इस प्रावधान को रखा है। यह privatisation के लिए नहीं है और हम privatisation करना भी नहीं चाहते हैं। यह उससे बहुत दूर है। मैं आपको यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ। तपन सेन जी, आपने जितनी गंभीरता से इसको लिया है, उससे ज्यादा गंभीरता से सरकार ने भी लिया है, मैं आपको इस बात को फिर से याद दिलाना चाहता हूँ।

दूसरी बात यह कही गई है कि बहुत-से पदों को भरा नहीं गया, जिसके कारण बहुत-से पद खाली हैं। ठीक है, यह बात पहले थी, लेकिन आज की स्थिति में हमने 753 मेडिकल ऑफिसर्स को appoint किया है, 158 Specialists को appoint किया है, 12 डेन्टल सर्जन्स को appoint किया है और 11 आयुर्वेदिक फिजिशियन्स को appoint किया है। अभी recruitment चल रहा है। Additional more than 1500 paramedical staff भी recruit किया गए हैं। मैं जो figures दे रहा हूँ, ये recent figures हैं और recent में हमने जो काम किया है और जो recruitment हो रहे हैं, उनके बारे में है। इसके बारे में अहलुवालिया साहब ने भी यहां पर सदन में बताया था कि आप किस ढंग से इतने लोगों को मदद करेंगे या उनकी देखभाल करेंगे। मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे ESI के जो ऑफिसर्स हैं, जो Directors हैं, उन्होंने इसमें बहुत interest लेकर यह recruitment किया है, इसलिए इसका फायदा हमारे कर्मचारियों को जरूर होगा और hospitals भी बहुत अच्छे ढंग से चलेंगे।

तीसरी बात dual control की है। आपको तो मालूम है कि लेबर डिपार्टमेंट Concurrent List में है। हम जितने भी कानून बनाते हैं, उनका implementation राज्यों में होता है और इनको राज्य सरकार implement करती है। हम बार-बार review करते हैं और इसके लिए हम State Ministers' Conference करते हैं, हमारे सेक्रेटरी वहां के सेक्रेटरियों को बुला कर बार-बार review करते हैं। इसके बावजूद भी ESI के जो hospitals स्टेट में हैं, उनमें से बहुत-सी जगहों पर उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उनकी स्थिति ठीक नहीं रहने की वजह से उसका ब्लेम सेंटर पर आता है। अभी हमारे एक मित्र ने कहा कि इस पर ब्लेम गेम नहीं होना चाहिए, लेकिन मुश्किल यह है कि जब आप हम पर ब्लेम करते हैं, तो हमें वस्तुस्थिति को तो बताना पड़ेगा कि क्या चल रहा है

और क्या नहीं चल रहा है। ESI Hospitals को केन्द्र सरकार 87.5 परसेंट contribute करती है और बाकी 12.5 परसेंट राज्य सरकार contribute करती है। इसके बावजूद भी बहुत से hospitals में ठीक ढंग से recruitment नहीं होता है और जो डॉक्टर नहीं चाहिए, उसी की पोस्टिंग वहां की जाती है और जहां Specialists चाहिए, वहां Specialists की पोस्टिंग नहीं करते हैं। इसकी वजह से वहां पर स्थिति बेकार है। इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं, प्रयत्न कर रहे हैं, कोशिश कर रहे हैं कि वैसे hospitals में सुधार हो। बहुत-से स्टेट में hospitals को upgrade करने के लिए हमारा प्रोग्राम है। उस प्रोग्राम के तहत, वह चाहे दिल्ली में हो, पटना में हो, बंगलुरु में हो, चैन्नई में हो या हैदराबाद में हो, हम हर जगह hospitals का upgradation कर रहे हैं और वहां पर नई-नई मशीनें ला रहे हैं, नए-नए construction कर रहे हैं और उसका expansion भी हो रहा है। इससे बहुत-सी जगहों पर बहुत-से कार्मिक लोगों को उसका फायदा होगा। बहुत-से ट्रेड यूनियन लीडर्स जानते हैं कि क्या हो रहा है।

लेकिन इसके बावजूद भी dual control की बात हो रही है। सर, dual control तब तक रहेगा, जब तक संविधान में प्रावधान है, जब तक constitution में provision है, तब तक स्टेट और सेंटर, दोनों मिलकर इसमें काम करते रहेंगे और मुझे भी इसी दायरे में काम करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त compensation during commuting के बारे में कहा गया। यह बहुत अच्छी बात है क्योंकि पहले जो था, उसमें कुछ दिक्कतें थीं क्योंकि पहले जो employee काम पर आता था, अगर ऐक्सीडेंट में या किसी वजह से दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो जाती थी या वह disabled हो जाता था तो उसे compensation की सुविधा नहीं थी, इसलिए इसे क्लैरीफाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जो direction दी थी, उसका provision तो था, लेकिन उसमें clarity न होने की वजह से उन्होंने कहा था। स्टेंडिंग कमेटी की रिकमेंडेशंस से मुताबिक आपको हम लोग यहां लाए हैं। यह ठीक बात है कि आप सभी ने उसका स्वागत किया। महोदय, राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना के बारे में अहलुवालिया साहब ने कहा था। महोदय, 30.01.2010 तक 6 करोड़ 49 लाख का disbursement हुआ और कम से कम 3,573 केसेज़ में हमने unemployment allowance दिया है। जो insured persons होते हैं, उनको ESI में कवर किया जाता है, ताकि contribution एक का हो और फायदा किसी और को हो। मैं समझता हूं कि इसे employers लोग नहीं मानेंगे, इसीलिए ये सारी चीज़ें हमने की हैं।

महोदय, यह कहा गया कि 20 हजार करोड़ रुपए डिपॉज़िट हैं इसीलिए हर जगह यह काम करना चाहिए या बड़े-बड़े अस्पताल खोलने चाहिए। इस संबंध में मैं उन्हें एक क्लैरीफिकेशन देना चाहता हूं कि जैसे contribution आता है, वह वैसे ही खर्च भी होता रहता है। यह एक continuous process है। सिर्फ डिपॉज़िट करके बैठा नहीं जाता बल्कि सारी States और union territories को वह पैसा डिस्ट्रीब्यूट भी करना पड़ता है। इसीलिए हमेशा पैसा जमा भी होता है और जाता भी है। इस प्रकार आज 20 हजार करोड़ रुपए ESI में डिपॉज़िट हैं। महोदय, benefit extend करने के लिए पहले 6 महीने का समय दिया था लेकिन हमने उसको 1 महीना इसलिए दिया क्योंकि 6 महीने का समय देने के बावजूद भी बहुत सी जगहों पर कवर नहीं करते हैं, जल्दी notification नहीं निकालते जिसकी वजह से जो contribution आना चाहिए, वह जल्दी नहीं आ पाता। यही कारण है कि हमने उसको 1 महीना कर दिया है जिससे बहुत सी जगह तुरंत यह काम हो जाएगा। श्रमिक कल्याण योजना में पहले contribution 5 साल का था जिसे reduce करके हमने 3 साल कर दिया था। इससे बहुत फायदा हुआ। ये मुद्दे अहलुवालिया साहब और हमारे अन्य कुछ साथियों ने उठाए थे, इसलिए मैंने मुनासिब समझा कि मैं उन्हें इनके संबंध में उत्तर दूं। महोदय, यह कहा गया कि इंस्पेक्टर चला गया तो उसकी वजह से पूरा काम ठप्प हो जाएगा, social security officer बनने के बाद वह कोई काम नहीं करेगा, ऐसी जो

apprehension है, वह ठीक नहीं है। social security officer का नाम देने के बावजूद भी उसका काम वही होगा, और भी दूसरे काम उसको हम entrust करेंगे — चाहे awareness का हो, RSBY का हो या smart card distribution का हो — केवल awareness क्रिएट करने के लिए हमने nomenclature चेंज करके ऐसा किया है।

दूसरा कोई उद्देश्य नहीं, उनकी हम कोई पॉवर घटा नहीं रहे हैं, हम ज्यादा से ज्यादा उनको मजबूत बनाएंगे और फील्ड में जाकर वे काम करें। मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि 2008-2009 में 31,771 इंस्पेक्शन किए गए हैं, उसके अलावा 37,861 केसेज फाइल किए गए हैं, इनमें 1,375 डिफाल्टर्स के खिलाफ भी केसेज किए गए हैं तथा इसमें 48 लोगों को कंविक्शन भी हुआ है। तो ऐसा नहीं है कि इंस्पैक्टर कोई काम नहीं कर रहे हैं तथा उनसे कोई फायदा नहीं है और यह मानना कि उसने आज तक एक के खिलाफ भी कोई केस नहीं किया है, सही नहीं होगा। तो इसका यह सबूत है कि जो केसेज रजिस्टर्ड हुए हैं इनके तहत कोर्ट में गए हैं जिसमें कंविक्शन भी हुआ है, वह मैं आपके सामने रख रहा हूं।

दूसरी चीज, इंश्योर्ड परसंस को, पहले एक हजार प्रति व्यक्ति हम स्टेट को देते थे, अब वह बढ़ाकर एक हजार दो सौ रुपए देने हैं। अब प्रति व्यक्ति दो सौ रुपया ज्यादा एनहेंस करके देने से ज्यादा से ज्यादा उनको फेसिलिटी मिलती है। लेकिन बहुत से स्टेट जिनको यहां से जो पैसा मिलना चाहिए वह कम मिलता है, क्योंकि वे अपने यहां कम खर्च करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि जहां पर कोई भी एम्पलॉइज लीडर हो या कार्यकर्ता हो या सोशल वर्कर हो, वह इसमें ज्यादा से ज्यादा इंटरेस्ट लेकर जिनको जो हक मिलना चाहिए उनको वह हक दिलाने के लिए पूरी कोशिश करें, ऐसी मैं उनसे विनती करता हूं। इसके अलावा बहुत सारी चीजें, अमेंडमेंट आपके सामने रखी हैं। इसमें 21 साल से बढ़ाकर 25 साल करने, इसमें विस्तार करने तथा इसका कवरेज बढ़ाने के बारे में सारी चीजें आपके सामने हैं। इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं कि इस बिल को पास करके जल्द से जल्द लेबर के हित में लागू करने के लिए आप मुझे परमिशन दें। धन्यवाद।

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Sri, I want to seek one clarification.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have already spoken. What clarification do you want?

SHRI TAPAN KUMAR SEN: I want to seek clarification on third party participation. The ESI hospitals are run by State Governments. In places where the State Government is not maintaining, there are cases that the ESI has taken over the administration of that hospital. Kindly clarify one thing. If the underutilization of the ESI hospital's capacity is to be utilized by involving other non-insured person on payment of usual charges, there is absolutely no objection. But third party participation means, handing over fully or even partial administration of the ESI hospital to any other authority other than the State Government or the ESI Corporation itself. Is it so? If it means like that, it tantamounts to creating an enabling situation for privatization. You may not privatize. But you are creating an enabling condition for privatization, if it is handed over to a party other than the State Government or the Central Government.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI HARISH RAWAT): It is just an enabling clause. Whatever is decided, that will first go to the Corporation and the Corporation will decide how to deal with it.

SHRI TAPAN KUMAR SEN: That is what I am saying. That is creating an enabling condition to finally handing over to a third party.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: We are not handing over. Suppose, there is a hospital in Kanpur, but no insured person is going there. Like that, if the industries have shifted from those places where there are hospitals, we have to utilize such hospitals in the public interest.

SHRI TAPAN KUMAR SEN: For utilization, there is no objection. ...*(Interruptions)*... What is meant by third party? Kindly explain it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has given all the details. What is this? ...*(Interruptions)*...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: I have already said that the administration will be with the ESI.

SHRI PYARIMOHAN MOHAPATRA: Sir, I would like to ask one thing. The hon. Minister has said that about Rs. 20,000 crores is the surplus with them. Is this cash balance, which is available with the ESIC, a result of salaries of 8,000 people, medical and para medical staff, not being drawn because the posts are vacant, or, is it because of any kind of economy measures, or, is it that you have got this surplus from somewhere?

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: This question does not arise. This is the contribution. Every time it comes and we have to spend. As of today, this is the balance, which I have stated.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

That the Bill further to amend the Employees' State Insurance Act, 1948, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 25 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up further discussion on the working of the Ministry of Home Affairs.

————————